**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**TERM-1_EXAMINATION 2026-27**
HINDI (085) SET - 1

Class: IX — Max. Marks: 80
Date : 04.09.2026 — Time: 3.00 Hour
Admission No: — Roll No:

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 15 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | | |
|---|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्यावहारिक व्याकरण | 16 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 30 अङ्क |
| भाग 'घ' : लेखन | 20 अङ्क |

---

भाग 'क' : अपठित गद्यांश (14 अङ्क)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

जैसा कि दयानंद जी के प्रवचनों में था, उन्होंने अपनी पुस्तक में भी विभिन्न धार्मिक संप्रदायों और मतों में पाए जाने वाले कपोल - कल्पित आख्यानों का, जिन्होंने भारत की जनता को विभाजित कर रखा था, तर्कपूर्ण विवेचन कर ,एक-एक करके नष्ट कर दिया। स्वामी जी के तर्क सटीक और प्रहारक होते थे ।

स्वामी दयानंद पुस्तक के उपसंहार में कहते हैं ,"मैं ऐसे धर्म में विश्वास करता हूँ जो सार्वभौमिक सिद्धांतों पर आधारित हो और जो समय की कसौटी पर खरा उतरे। इसी कारण यह धर्म बाकी सभी संकीर्ण धर्मों की कमजोरियों व अवगुणों से परे है । मैं किसी भी धर्म का समर्थन नहीं करता ।किसी भी धर्म में जो कुछ भी आपत्तिजनक या झूठ है वह वैसा ही रहेगा फिर चाहे उसे मानने वाला कोई भी व्यक्ति या देश हो। आदर्श मानव के विषय में स्वामी जी का दृष्टिकोण था ,"केवल उसे ही मनुष्य कहा जा सकता है जो विचारशील हो व दूसरे के प्रति भी वैसा ही महसूस करें जैसा वह अपने लिए करता है, जो अन्याय का अनुमोदन ना करता हो एवं केवल सद्गुणों व सत्य का सम्मान करता हो।"

स्वामी दयानंद के दृष्टिकोण एवं जीवन दर्शन को संक्षेप में उपनिषद के इस उदाहरण से समझा जा सकता है। कोई भी सदगुण सत्य से बड़ा नहीं है कोई भी पाप छूठ से ज्यादा अधम नहीं है ।कोई भी ज्ञान सत्य से बड़ा नहीं है, इसलिए मनुष्य को सदा सत्य का पालन करना चाहिए।

(1) स्वामी दयानंद के प्रवचनों और उनकी पुस्तक में क्या समानता थी ? [1]

(क) धार्मिक कुरीतियों पर चोट धार्मिक
(ख) कुरीतियों का समर्थन
(ग) भारतीय जनता में फूट डालने वाले आख्यानों का खंडन
(घ) विभिन्न मतों एवं संप्रदायों के बीच फूट डालना

(2) स्वामी दयानंद कैसे धर्म में विश्वास रखते थे ? [1]

(क) जो सार्वभौमिक सिद्धांतों पर आधारित हो

(ख) जो दूसरे धर्म के प्रति कट्टर हो

(ग) जो दूसरे धर्म के प्रति सहिष्णु हो

(घ) जो सार्वभौमिक सिद्धांत पर आधारित हो तथा समय की कसौटी पर खरा उतरे।

(3) कथन A और कारण R को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही उत्तर लिखिए- [1]

कथन A: स्वामी दयानंद जी के तर्क सटीक और तथ्यपरक होते थे।

कारण R: कपोल-कल्पित आख्यानों ने भारत की जनता को भ्रमित कर दिया था।

(क) कथन A गलत है किंतु कारण R सही है।

(ख) कथन A और कारण R दोनों ही गलत है।

(ग) कथन A सही है और कारण R कथन A की सही व्याख्या है।

(घ) कथन A सही है किंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है।

(4) स्वामी दयानंद जी आदर्श मानव किसे मानते थे? [2]

(5) स्वामी दयानंद का दृष्टिकोण एवं जीवन दर्शन क्या था? [2]

प्रश्न 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

आर्थिक असमानता आज के समय में एक गंभीर चुनौती बन गई है । जो समाज में कई समस्याओं को जन्म दे रही है । आय और संपत्ति का असमान वितरण विभिन्न वर्गों के बीच आर्थिक खाई को बढ़ा रहा है। इसके परिणामस्वरुप अमीर और गरीब के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है। जिससे शिक्षा ,स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों में भी असमानता उत्पन्न हो रही है। आर्थिक असमानता न केवल सामाजिक असंतोष का कारण बनती है,बल्कि यह देश के विकास और समृद्धि में भी बाधा उत्पन्न करती है।असमानता के कारण समाज में तनाव ,असुरक्षा तथा अपराध की सम्भावनाएँ बढ़ जाती हैं,जिससे समाज में अस्थिरता पैदा हो सकती है। आर्थिक असमानता को कम करने के लिए कई देशों ने कर सुधार,शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश और रोजगार सृजन जैसे उपाय अपनाए हैं।सरकारें ऐसी नीतियाँ बना रही हैं जो वंचित वर्गों को आर्थिक सुरक्षा और समर्थन प्रदान करती है इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और गरीबी उन्मूलन के प्रयासों पर भी ध्यान दिया जा रहा है ताकि सभी नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हो सके। आर्थिक समानता के लिए सभी वर्गों को समान अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। जिससे समाज में संतुलन और स्थिरता बनी रह सके और देश समग्र विकास की ओर बढ़ सके।

(1) आर्थिक असमानता के कारण समाज में क्या समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं? [1]

(क) शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों में असमानता

(ख) सभी को समान अवसर मिल रहे हैं

(ग) समाज में स्थिरता और संतुलन

(घ) कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो रही

(2) आर्थिक असमानता के परिणाम स्वरूप क्या हो रहा है ? [1]

(क) अमीर और गरीब के बीच की दूरी बढ़ रही है ।

(ख) समाज में संतुलन बना हुआ है

(ग) सभी वर्गों के बीच समानता आ रही है।

(घ) शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है।

(3) कथन A और कारण R को पढ़कर उपयुक्त विकल्प लिखिए- [1]

कथन A:आर्थिक असमानता से समाज में तनाव और अपराध की सम्भावनाएँ बढ़ती है।

कारण R: आर्थिक असमानता से समाज में असुरक्षा और असंतोष पैदा होता है।

(क) कथन A तथा कारण R दोनों गलत है ।

(ख) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

(ग) कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन A तथा कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

(4) आर्थिक असमानता को कम करने के लिए सरकारें कौन से उपाय अपना रहे हैं? [2]

(5) आर्थिक असमानता के कारण समाज में किस प्रकार की सम्भावनाएँ बढ़ रही हैं? [2]

भाग 'ख' : व्यावहारिक व्याकरण (16 अङ्क)

प्रश्न 3 निर्देशानुसार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [6]

(1) व्याकरणिक नियमों के अनुसार शब्द और पद में क्या अंतर है?

(2) वाक्य में प्रयुक्त होने के बाद पद किनसे प्रभावित होते हैं?

(3) संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण देकर लिखिए।

(4) समूहवाचक संज्ञा का एक उदाहरण लिखिए।

(5) सर्वनाम किसके स्थान पर प्रयुक्त होता है?

(6) सर्वनाम के कोई दो भेद उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 4 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [4]

(1) कु उपसर्ग से दो शब्द बनाइये।

(2) हिमपात बर्फों का अव्यवस्थित ढंग से गिरना है। (उपसर्ग को छाँटकर मूल शब्द और उपसर्ग अलग कीजिए।)

(3) चिकनाहट युक्त बर्तनों को साफ करना कठिन है।(मूलशब्द तथा प्रत्यय अलग कीजिए)

(4) इत प्रत्यय से दो शब्द बनाइये।

प्रश्न 5 निपात एवं समानार्थी शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [4]

(1) ही निपात का प्रयोग करके दो वाक्य बनाइए।

(2) तुम वहाँ तक न जा सके।( निपात का प्रयोग करके पुनः लिखिए।)

(3) पर्वत का दो समानार्थी शब्द लिखिए।

(4) अतिथि का दो समानार्थी शब्द लिखिए।

प्रश्न 6 वाक्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [2]

(1) मेरी चिट्ठी आई है।( प्रश्नवाचक वाक्य बनाइए)

(2) गाड़ी छूट चुकी है ।(संदेहवाचक वाक्य में बदलिये।)

भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक (30 अङ्क)

प्रश्न 7 निम्न पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

उस दिन जब तुम आए थे, मेरा हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था ।अंदर ही अंदर कहीं मेरा बटुआ काँप गया ।उसके बावजूद एक स्नेह भीगी मुस्कुराहट के साथ मैं तुमसे गले मिला था और मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते की थी। तुम्हारे सम्मान में ओ अतिथि हमने रात के भोजन को एकाएक उच्च मध्यम वर्ग के डिनर में बदल दिया था । तुम्हें स्मरण होगा कि दो सब्जियों और रायते के अलावा हमने मीठा भी बनाया था। इस सारे उत्साह और

लगन के मूल में एक आशा थी  आशा थी कि दूसरे दिन किसी रेल से एक शानदार मेहमाननवाजी की छाप अपने हृदय में ले तुम चले जाओगे।

(1)  लेखक का हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था? [1]

(क) अतिथि के आगमन की आशंका
(ख) आर्थिक स्थिति बिगड़ने की आशंका
(ग) अतिथि को सम्मान ना दे पाने की आशंका
(घ) अतिथि के अधिक दिन रुकने की आशंका

(2) लेखक ने अतिथि का स्वागत कैसे किया? [1]

(क) सादर नमस्ते के साथ
(ख) अतिथि के अधिक दिन रुकने की निराशा के साथ
(ग) अतिथि के चले जाने की आशा के साथ
(घ) स्नेह भीगी मुस्कुराहट के साथ

(3) रात के भोजन को किस प्रकार गरिमा पूर्ण बनाया गया ? [1]

(क) अतिथि के लिए अनेक पकवान बनाकर
(ख) अतिथि को भूखा रखकर
(ग) अतिथि के लिए खिचड़ी बनाकर
(घ) अनौपचारिक मेहमाननवाजी की छाप छोड़कर

(4) अतिथि के स्वागत में लेखक ने रात के भोजन को किसका रूप दिया ? [1]

(क) निम्न मध्यम वर्ग के आतिथ्य के रूप
(ख) उच्च मध्यम वर्ग की डिनर का रूप
(ग) शानदार मेहमाननवाजी का रूप
(घ) उत्साह और लगन का रूप

(5) निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन करके लिखिए- [1]

कथन A: आशा थी कि दूसरे दिन किसी रेल से एक शानदार मेहमाननवाजी की छाप अपने हृदय में ले तुम चले जाओगे।

कारण R: एक स्नेह भीगी मुस्कुराहट के साथ मैं तुमसे गले मिला था और मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते की थी।

(क) कथन A तथा कारण R दोनों गलत है।
(ख) कथन A गलत है तथा कारण R सही है।
(ग) कथन A सही है तथा कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन Aतथा कारण Rदोनों सही है तथा कारणRकथनAकी सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - [6]

(1) भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था?
(2) डॉ. मीनू मेहता ने क्या जानकारियाँ दी?
(3) हिमपात किस तरह होता है और उससे क्या-क्या परिवर्तन आते हैं?
(4) लेखक को खरबूजे बेचने वाली बूढ़ी औरत को देखकर किसकी याद आई?

प्रश्न 9 निम्न पद्यांश को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए  -

गीत -अगीत कौन सुंदर है?
गाकर गीत विरह के तटिनी

वेगवती बहती जाती है ,
दिल हल्का कर लेने को
उपलों से कुछ कहती जाती है ।
तट पर एक गुलाब सोचता,
देते स्वर यदि मुझे विधाता ,
अपने पतझड़ के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता
गा -गाकर बह रही निर्झरी
पाटल मूक खड़ा तट पर है
गीत -अगीत कौन सुंदर है?

(1) तटिनी किस प्रकार के गीत गाती गा रही है? [1]

(क) विरह के (ख) प्रेम के

(ग) श्रृंगार के (घ) संयोग के

(2) विरहिणी के गीतों को कौन सुनता है? [1]

(क) पत्थर (ख) किनारे

(ग) नदी का तल (घ) लोग

(3) गुलाब क्या सोचता है? [1]

(क) अपनी कहानी सुनाने की (ख) वाणी न होने का कारण

(ग) पतझड़ के सपनों का गीत सुनने की (घ) अपने दुर्भाग्य के विषय में

(4) नदी के गीत को क्या नाम दिया गया है? [1]

(क) प्रेम (ख) प्रसन्नता

(ग) उल्हास (घ) विरह

(5) निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यान पूर्वक पढ़कर सही विकल्पों का चयन कीजिए- [1]

कथन A नदी वियोग के गीत गाती हुई तीव्र प्रवाह से प्रवाहित होती है।
कारण R अपने मन की व्यथा को हल्का करने के लिए किनारो से संवाद करती है।

(क) कथन A सही है तथा कारणR गलत है।
(ख) कथन A गलत है तथा कारणR सही है
(ग) कथनA तथा कारण R दोनों गलत है।
(घ) कथन A तथा कारणR दोनों सही है।

प्रश्न 10 निम्न प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - [6]

(1) रैदास ने प्रभु को चाँद और स्वयं को चकोर क्यों माना है?
(2) रैदास ने अपने स्वामी को किन-किन नाम से पुकारा है?
(3) अवध नरेश को चित्रकूट क्यों जाना पड़ा?
(4) रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है?

प्रश्न 11 निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए - [8]

(1) गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?
(2) गिल्लू कहानी को ध्यान में रखते हुए आवारा पशुओं की समस्या के समाधान हेतु अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।
(3) स्मृति पाठ के आधार पर लेखक की बहादुरी का वर्णन लिखिए।

## भाग 'घ' : लेखन कौशल (20 अङ्क)

प्रश्न 12 संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - [5]

(1) बाल मजदूरी

संकेत बिंदु -
- भूमिका
- बाल मजदूरों की स्थिति
- बाल श्रम
- निषेध दिवस

(2) पराधीन सपनेहु सुख नाही

संकेत बिंदु -
- पराधीनता क्या है
- स्वतंत्रता मानव का जन्म सिद्ध अधिकार
- पराधीनता विकास में बाधक

(3) स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

संकेत बिंदु -
- भूमिका
- स्वच्छता का महत्व
- स्वच्छता एक अभियान
- स्वस्थ भारत की कल्पना
- उपसंहार

प्रश्न 13 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में पत्र लिखिए - [5]

अपने छोटे भाई को खाली समय में पाठ्यक्रम के अतिरिक्त पुस्तक के पढ़ने की आवश्यकता समझाते हुए पत्र लिखिए

अथवा

आपके पिताजी की पदोन्नति हुई है उन्हें अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए और उन्हें अपना आदर्श मानते हुए बधाई पत्र लिखिए।


प्रश्न 14 नीचे दी गई परिस्थितियों के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए - [5]

आपकी साइकिल चोरी हो गई है ।बाग में खड़ी महिला से पूछताछ करते हुए अपने और उनके बीच हुए संवाद को लिखिए ।

अथवा

समाज में लड़कियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं ।आत्मसुरक्षा की सीख देते हुए माँ और बेटी के संवाद को लिखिए।

प्रश्न 15 दिए गए चित्र में दिख रहे दृश्य /घटना का वर्णन लगभग 80 से 100 शब्दों में कीजिए - [5]



====================== समाप्त ======================